
NHS
Test and Trace

**यह जांच शुरू करने से पहले यह सम्पूर्ण गाइड ध्यानपूर्वक पढ़ें।**
**हो सकता है यह जांच आपके द्वारा पहले प्रयुक्त जांच से भिन्न हो।**

# MP Biomedicals रैपिड SARS-CoV-2 एंटीजन टेस्ट कार्ड के लिए आपकी चरण-दर-चरण गाइड

Withdrawn January 2024




उपयोग के लिए ये निर्देश केवल MP Biomedicals रैपिड SARS-CoV-2 एंटीजन टेस्ट कार्ड, 07AG6007BS से संबंधित हैं।

इस गाइड में यह वर्णन किया गया है कि आप COVID-19 संबंधी अपनी एवं किसी दूसरे व्यक्ति की जांच कैसे करें, तथा NHS को उसके परिणाम कैसे सूचित करें।

**वैकल्पिक भाषायी** संस्करण, वेल्श समेत, तथा वीडियो निरूपण **gov.uk/covid19-self-test-help** पर उपलब्ध हैं

**अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें**

# आपको क्या करना चाहिए

## आपकी चरण-दर-चरण गाइड

कृपया उपयोग के लिए निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें और सही क्रम में चरणों का पालन करें। प्रत्येक जांच की स्थापना में लगभग 15 मिनट लगते हैं तथा अगले 15 मिनट के बाद परिणाम तैयार हो जाएंगे।

15
मिनट
सेट अप

### इस पुस्तिका की सामग्री


| अनुभाग | शीर्षक | पृष्ठ |
|---|---|---|
| **1** | अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें | 6 |
| | अपनी जांच किट सामग्री को जांचें | 7 |
| **2** | अपनी जांच स्थापित करें | 8 |
| **3** | अपना स्वैब नमूना लें | 10 |
| | किसी और की सहायता करना | 11 |
| **4** | स्वैब के नमूने को संसाधित करें | 12 |
| **5** | अपने परिणाम को पढ़ें | 14 |
| **6** | अपना परिणाम सूचित करें | 15 |
| **7** | आपके परिणामों का क्या अर्थ है | 16 |
| **8** | जांच निष्पादन | 17 |
| **9** | अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं | 17 |
| | अपने जांच परिणामों को नोट करें | 18 |


### COVID-19 वाले हरेक 3 लोगों में से लगभग 1 व्यक्ति को यह नहीं पता कि उसे COVID-19 है।

नियमित खुद-जांच करके हम इसके प्रसार को धीमा कर सकते हैं तथा अपने परिवारों एवं समुदायों में सबसे कमज़ोर लोगों की रक्षा करने में सहायता कर सकते हैं।

Withdrawn January 2024

## जांच करने संबंधी सलाह

आपकी सहायता के लिए मार्गदर्शन के साथ-साथ अत्यधिक उपयोगी सलाह, परामर्श तथा चेतावनी बॉक्स उपलब्ध किए गए हैं। इन अनुदेशों का सावधानीपूर्वक चरण-दर-चरण पालन करने से, आपके पास कोई विश्वसनीय परिणाम पाने की बेहतर संभावना रहेगी।

### सामान्य मार्गदर्शन तथा चेतावनियां

- यदि आपकी नासिका वेध की हुई है, तो स्वैब करने से पहले वेध को हटा दें।
- यदि आपको स्वैब करते समय नाक से खून बहने का आभास हो, तो कृपया स्वैब करना बंद कर दें। स्वैब की जांच नहीं की जा सकती है।
- उत्पाद प्राकृतिक रबर लेटेक्स से नहीं बनाया गया है। फिर भी अंतिम प्रयोक्ता को यथा वितरित इस उत्पाद में प्राकृतिक रबर लेटेक्स की मौजूदगी अथवा उसके अंश को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता।
- जांच किट को युवा बच्चों से दूर रखें।
- स्वैब का नमूना लेने के चरणों का बहुत सावधानी से पालन करें और हमेशा इस किट के साथ दिए गए स्वैब का उपयोग करें। नमूना सही ढंग से एकत्र करने में विफलता के कारण गलत जांच परिणाम हो सकते हैं।
- दृष्टि दोष वाले लोगों सहित अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्तियों की सहायता किसी अन्य वयस्क द्वारा की जा सकती है। जांच संचालित करते समय पृष्ठ 11 पर अतिरिक्त जानकारी पर विशेष ध्यान दें।

**चेतावनी**

समाप्ति तिथि के बाद उत्पाद का उपयोग न करें।

**सलाह**

- जांच किट का भंडारण शीत खुश्क स्थान (4°C से 30°C) पर करें।
- इसे सूरज की सीधी रोशनी में तथा किसी फ्रिज अथवा फ्रीजर में न रखें क्योंकि इससे गलत जांच परिणाम मिल सकते हैं।
- यदि सीलबंद आवरण क्षतिग्रस्त है या सील टूटी हुई है तो जांच कार्ड का उपयोग न करें।
- इस किट का प्रयोग कमरे के तापमान (15°C से 30°C) पर किया जाना चाहिए। यदि इस किट का भंडारण किसी 15°C से कम क्षेत्र में किया गया हो, तो इसे प्रयोग करने से पहले 30 मिनट तक कमरे के सामान्य तापमान पर रख दें।


यह निर्देश पुस्तिका केवल MP Biomedicals रैपिड SARS-CoV-2 एंटीजन टेस्ट कार्ड को संदर्भित करती है, उत्पाद कोड: 07AG6007BS.
अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें

# इस जांच के बारे में

## आपको खुद-जांच क्यों करनी चाहिए

यह COVID-19 खुद-जांच किट नासिका के स्वैब की जांच है जिससे यह पता चलता है कि कहीं आप संक्रमित तो नहीं हैं। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें लक्षण हैं और साथ ही बिना लक्षण वाले लोगों के लिए भी। हालाँकि इस बात की जांच करने के लिए कि आपके लिए किस प्रकार की जांच सही रहेगी, आपको राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

### यदि आपकी COVID-19 जांच पॉज़िटिव आती है तो आपको यह करना चाहिए:

- इस बीमारी के प्रसार को सीमित करने में सहायता करें, आपको और आपके परिवार को वर्तमान सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए: **nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/self-isolation-and-treatment/**
- अपने लक्षणों के शुरू होने, या यदि कोई लक्षण मौजूद नहीं है तो जिस दिन से किसी जांच के पॉज़िटव परिणाम दिखाए जाते हैं, से पहले पिछले 48 घंटों में जिन लोगों के आप निकट संपर्क में रहे हैं और जिन स्थानों पर आप गए हैं तो संभावित COVID-19 संक्रमण के लिए जांच करवाने हेतु उनके बारे में बताएं। हमेशा स्थानीय और राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करें।

### यदि आपकी COVID-19 जांच नेगेटिव आती है तो

इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब जांच की गई थी। फिर भी, जांच का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको कोरोनावायरस नहीं है। आपको सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते रहना चाहिए।

**सलाह**

यदि आप या आपके बच्चे/बच्चों में कोरोनावायरस (COVID-19) के लक्षण हैं अथवा कोरोनावायरस (COVID-19) हो गया है, तो कृपया NHS मार्गदर्शनों को ऑनलाइन देखें: **nhs.uk/conditions/coronavirus-COVID-19**

यदि आप या आपके बच्चे/बच्चों में कोरोनावायरस (COVID-19) के लक्षण हैं तथा हालत बदतर हो जाती है, अथवा आप/आपका बच्चा/बच्चे सात दिनों के बाद बेहतर नहीं होते, तो NHS **111** ऑनलाइन सेवा पर जाएं: **111.nhs.uk**. यदि आपके पास इंटरनेट नहीं है, तो NHS **111** पर कॉल करें। चिकित्सकीय आपात स्थिति के लिए **999** डायल करें।

**यदि आप चिंतित हैं तो सहायता लेने में देरी न करें। अपने सहज-बोध पर यकीन करें।**

## यह जांच किसके लिए उचित है

### 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे

किसी वयस्क द्वारा सहायता प्रदान की जानी चाहिए। यदि आप किसी बच्चे की सहायता करने में आश्वस्त महसूस नहीं करते, तो यह जांच न करें। (बच्चों की सहायता करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया पृष्ठ 11 देखें)

### 14 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति

14-17 वर्ष की आयु के किशोर किसी वयस्क के निरीक्षण में खुद-जांच कर सकते हैं। अन्य सभी खुद-जांच करें तथा सूचित करें, यदि आवश्यकता पड़े तो सहायता लें।

### कितनी बार जांच करें

आप कितनी बार जांच करें यह आपकी परिस्थितियों एवं मौजूदा राष्ट्रीय अथवा स्थानीय दिशानिर्देशों के आधार पर भिन्न हो सकता है।

### अतिरिक्त सहायता कहां से लें


खुद-जांच संबंधी अधिक जानकारी: **gov.uk/covid19-self-test-help** पर देखें

Withdrawn January 2024


यह निर्देश पुस्तिका केवल MP Biomedicals रैपिड SARS-CoV-2 एंटीजन टेस्ट कार्ड को संदर्भित करती है, उत्पाद कोड: 07AG6007BS.
अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें 5

# 1. अपने जांच क्षेत्र को तैयार करें

**आपको आवश्यकता होगी:** कोई घड़ी अथवा दीवार घड़ी जैसा कोई टाइमर, टिश्यू, सरफेस क्लीनर, हैंड सैनिटाइज़र या साबुन तथा गुनगुने पानी तक पहुंच।



1. उपयोग के लिए यह निर्देश दस्तावेज़ सावधानी से पढ़ें।
यदि आपको और मदद की आवश्यकता पड़े तो आप ऑनलाइन स्वैब जांच संबंधी वीडियो भी देख सकते हैं:
**gov.uk/guidance/covid-19-self-test-help**



2. जांच शुरू करने से तुरंत पहले, जांच किट रखने के लिए किसी समतल सतह को साफ करें, पोंछें तथा उसे सूखा लें।







3. 20 सेकेंड तक साबुन तथा गुनगुने पानी, अथवा हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को अच्छी तरह से धोएं।
यदि आप एक से अधिक व्यक्तियों कि जांच कर रहे हैं या कोई शून्य जांच दोहरा रहे हैं, तो प्रत्येक जांच के बीच अपने हाथ फिर से धोएं।



# किट सामग्री को जांचें


4. आपके जांच बॉक्स में आपके पास नीचे दी गई सभी सामग्री होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि कुछ भी क्षतिग्रस्त या टूटा नहीं है।





ट्यूब स्टैंड





सीलबंद आवरण में टेस्ट कार्ड



निष्कर्षण बफर बोतल




सीलबंद आवरण में जीवाणुरहित स्वैब



निष्कर्षण ट्यूब

**सलाह**

**यदि कोई वस्तु क्षतिग्रस्त, टूटी हुई अथवा अनुपलब्ध हो तो क्या करें**

यदि आपको कोई वस्तु क्षतिग्रस्त, टूटी हुई अथवा अनुपलब्ध दिखाई दे, तो कृपया उस जांच किट का प्रयोग न करें। आप फोन करके उपभोक्ता संपर्क केंद्र को फीडबैक दे सकते हैं। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।


कॉल: **119** (मोबाईल तथा लैंडलाइन से मुफ्त)।
हम 200 भाषाओं के साथ-साथ ब्रिटिश सांकेतिक भाषा में भी सहायता प्रदान करते हैं।

यदि आपको किसी उपकरण से चोट लगी है तो इसकी सूचना देने से दूसरों की सहायता हो सकती है, कृपया इस पर जाएं: **coronavirus-yellowcard.mhra.gov.uk**


Withdrawn January 2024

# 2. अपनी जांच स्थापित करें

Withdrawn January 2024



**5** द्रव को फैलाने से बचने के लिए निष्कर्षण ट्यूब को ट्यूब स्टैंड में रखें।




**6** निष्कर्षण बफर बोतल के ढक्कन को घुमाएं।

**सावधानी:** निष्कर्षण बफर बोतल को अपने चेहरे से दूर रखकर खोलें तथा सावधानी बरतें कि कोई भी द्रव फैल न पाए।




**7** निष्कर्षण बफर बोतल से सारे बफर घोल को निष्कर्षण ट्यूब में निचोड़ें।

**सावधानी:** बोतल को ट्यूब से छूने से बचें।




**8** अपनी नाक को धीरे से किसी टिश्यू में साफ करें और टिश्यू को एक बंद कूड़ेदान में फेंक दें।

यदि आप किसी बच्चे की जांच कर रहे हैं तो नाक साफ करने में उनकी सहायता करें। यह इसलिए है ताकि आप अतिरिक्त बलगम से छुटकारा पा सकें।







**9** 20 सेकेंड तक साबुन तथा गुनगुने पानी का प्रयोग करते हुए अपने हाथों को दोबारा अच्छी तरह से धोएं।




**10** सीलबंद आवरण में स्वैब पाएं। स्वैब की नर्म, कपड़े की नोक को पहचाने।




**11** स्वैब के आवरण को खोलें तथा स्वैब को धीरे से बाहर निकालें।

**चेतावनी**

स्वैब की नर्म, कपड़े की नोक को अपने हाथों से स्पर्श न करें

# 3. अपना स्वैब नमूना लें


**चेतावनी**

जांच केवल नाक से एक स्वैब नमूने का उपयोग करके की जानी चाहिए। यदि आप स्वैब निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन नहीं करते हैं, तो इससे गलत जांच परिणाम मिल सकते हैं।

**यदि आप 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे अथवा किसी ऐसे व्यक्ति की सहायता कर रहे हैं जिसे मदद चाहिए, तो पृष्ठ 11 पर दिए चरणों का पालन करें।**




**12** स्वैब को सावधानी से एक नथुने में डालें। स्वैब टिप को नथुने के किनारे से 2.5 से.मी. से कम नहीं डाला जाना चाहिए।




**13** अपने नथुने के अंदर स्वैब को धीरे धीरे 3-4 बार गोल गोल घुमाएं।
धीरे-धीरे इसे निकाल दें। बल प्रयोग न करें तथा आपको अपने नथुने में बहुत अंदर तक धकेलने की आवश्यकता नहीं है।

**सावधानी:** यह असुविधाजनक लग सकता है। यदि आपको ज्यादा प्रतिरोध अथवा दर्द महसूस हो तो स्वैब को और अंदर ना घुसाएं।

**उसी स्वैब का उपयोग करते हुए, दूसरे नथुने के लिए चरण 12 और 13 दोहराएं।**




# किसी और की सहायता करना

14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सहायता किसी वयस्क द्वारा की जानी चाहिए। किसी बच्चे या सहायता की आवश्यकता वाले व्यक्ति को तैयार करने और उसकी सहायता करने के तरीके के बारे में नीचे दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। आप एक निरूपण वीडियो यहां देख सकते हैं:
**gov.uk/guidance/covid-19-self-test-help**

यदि आप किसी बच्चे की सहायता कर रहे हैं, तो उन्हें जांच किट दिखाएं तथा उनसे इस बारे में बात करें कि आप क्या करने जा रहे हैं। बच्चे को किसी टिश्यू में अपनी नाक साफ करने के लिए कहें। टिश्यू को किसी बंद कूड़ेदान में डाल दें।



**12** स्वैब को सावधानी से उनके एक नथुने में डालें। जब तक प्रतिरोध महसूस न हो तब तक स्वैब की नोक डाली जानी चाहिए।




**13** उनके नथुने के अंदर स्वैब को धीरे धीरे 3-4 बार गोल गोल घुमाएं।
धीरे-धीरे इसे निकाल दें। बल प्रयोग न करें तथा आपको उनके नथुने में बहुत अंदर तक धकेलने की आवश्यकता नहीं है।

**सावधानी:** यह असुविधाजनक लग सकता है। यदि उनको ज्यादा प्रतिरोध अथवा दर्द महसूस हो तो स्वैब को और अंदर ना घुसाएं।

**उसी स्वैब का उपयोग करते हुए, दूसरे नथुने के लिए चरण 12 और 13 दोहराएं।**




Withdrawn January 2024

# 4. स्वैब के नमूने को संसाधित करें


Withdrawn January 2024

**सुझाव**

बेहतरीन निष्पादन के लिए, अपने नथुने से स्वैब लेने के बाद यथाशीघ्र नाक के स्वैब की जांच करें।




**14** निष्कर्षण ट्यूब उठाएं और नमूने के साथ स्वैब को निष्कर्षण ट्यूब में रखें। स्वैब को 3-5 बार घुमाएं। स्वैब को 1 मिनट के लिए निष्कर्षण घोल में छोड़ दें।



**15** ट्यूब में जितना संभव हो उतना घोल छोड़ने के लिए स्वैब को हटाते समय निष्कर्षण ट्यूब को उंगलियों से एक साथ पिंच करें। स्वैब को वापस स्वैब रैपर में रखें।




**16** निष्कर्षण ट्यूब के शीर्ष पर ड्रॉपर कैप को कसकर फिट करें।

**सलाह**

यह चरण पूरा करने के बाद अपने हाथ पुनः धोएं।









**17** फॉइल पाउच खोलें और टेस्ट कार्ड निकालें।


**चेतावनी**

एक बार खोलने के बाद, टेस्ट कार्ड का तुरंत उपयोग किया जाना चाहिए।




**18** यह सुनिश्चित करें कि टेस्ट कार्ड किसी साफ एवं समतल सतह पर हो।

जांच के दौरान कार्ड को न हिलाएं।




**19** जांच नमूने की 3 बूंदों को टेस्ट कार्ड पर वेल (S लेबल वाले) में रखने के लिए निष्कर्षण ट्यूब को धीरे से निचोड़ें।

**सावधानी:** यह सुनिश्चित करें आप तरल पदार्थ डाल रहे हों तथा वेल में हवा के बुलबुले नहीं हैं।




**20** टाइमर लगाएं तथा अपना परिणाम पढ़ने से पूर्व 15 मिनट तक प्रतीक्षा करें। किसी भी समय कोई पॉज़िटिव परिणाम प्रकट हो सकता है, फिर भी आपको कोई नेगेटिव परिणाम दर्ज करने के लिए पूरे 15 मिनट तक प्रतीक्षा करनी चाहिए क्योंकि जांच लाइन (T) को प्रकट होने में इतना समय लग सकता है।


अपना परिणाम पढ़ने एवं सूचित करने के ढंग को अगले पृष्ठ पर देखें। >>

# 5. अपने परिणाम को पढ़ें

**महत्त्वपूर्ण**

जांच को विकसित होने के लिए 20 मिनट से अधिक समय न दें क्योंकि इससे परिणाम शून्य हो जाएगा।








## पॉज़िटिव परिणाम

दो लाइनें प्रकट होती हैं। एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (C) में होनी चाहिए, तथा दूसरी रंगीन लाइन जांच लाइन क्षेत्र (T) में होनी चाहिए।
दो लाइनें, जिनमें से एक C के आगे तथा दूसरी T के आगे, चाहे लाइनें हल्की भी हों, यह दर्शाती हैं कि जांच पॉज़िटिव आई है।


**महत्त्वपूर्ण**

यदि आपकी जांच पॉज़िटव आती है तो आपको स्वयं को अलग रखना चाहिए और आपके परिवार को स्वयं को अलग रखने के बारे में सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए:
**nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/self-isolation-and-treatment/**




## नेगेटिव परिणाम

एक रंगीन लाइन नियंत्रण लाइन क्षेत्र (C) में प्रकट होती है। जांच लाइन क्षेत्र (T) में कोई भी लाइन प्रकट नहीं होती।





## शून्य परिणाम

नियंत्रण लाइन (C) प्रकट नहीं होती।



# 6. अपना परिणाम सूचित करें


## आपको अपना पॉज़िटिव, नेगेटिव तथा शून्य परिणाम NHS को सूचित करना चाहिए।




सभी जांच परिणामों को दर्ज़ करने से वैज्ञानिकों को किसी भी नए वायरस के प्रकोप का पता लगाने तथा उसके प्रति की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सलाह देने में सहायता मिलती है। यदि लोग केवल पॉज़िटिव परिणाम की रिपोर्ट करते हैं, तो मामलों का स्तर वास्तव में जितना है, उससे अधिक दिखता है।

इसलिए, चाहे आपका परिणाम नेगेटिव अथवा शून्य हो, आप यह सुनिश्चित करेंगे कि NHS जानकारी सटीक रहे।


अपना परिणाम सूचित करने के लिए आपको QR कोड या इसके नीचे ID संख्या की जरूरत होगी।



## ऑनलाइन सूचित करें (सबसे तेज़)

यदि आप इंगलैंड, वेल्स अथवा उत्तरी आयरलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**gov.uk/report-covid19-result**

यदि आप स्कॉटलैंड में रहते हैं तो यहां देखें:
**covidtest.scot**



## अथवा टेलीफोन से सूचित करें

**119** पर कॉल करें

लाइनें प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली हैं, (मोबाइल एवं लैंडलाइन से मुफ्त)।

Withdrawn January 2024

# 7. आपके परिणामों का क्या अर्थ है

## आपने अपनी जांच केवल तभी पूरी की है जब आपने अपना परिणाम बताया है

### पॉज़िटिव परिणाम

यदि आपका परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो संभावना है कि आप वर्तमान में COVID-19 से संक्रमित हैं तथा आपसे दूसरों के संक्रमित होने का खतरा है। आपको स्वयं को अलग रखना चाहिए। जब आप अपना परिणाम सूचित करते हैं, तो आपको आगे क्या करना है संबंधी और जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**चेतावनी**

आपको और जो कोई भी आपके साथ रहता है उसको वर्तमान राष्ट्रीय और स्थानीय मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए। यह यहां पाया जा सकता है: **nhs.uk/conditions/coronavirus-COVID-19/self-isolation-and-treatment/** अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

### नेगेटिव परिणाम

यदि आपका परिणाम नेगेटिव आता है, तो इस बात की संभावना है कि आप उस समय संक्रमित नहीं थे जब जांच की गई थी। फिर भी, जांच का नेगेटिव परिणाम इस बात कि गारंटी नहीं है कि आपको COVID-19 नहीं है।

यदि आपकी जांच नेगेटिव पाई जाती है, तो आपको राष्ट्रीय एवं स्थानीय नियमों तथा मार्गदर्शनों का पालन करना जारी रखना चाहिए, जिसमें यथा अपेक्षित नियमित रूप से हाथ धोना, सामाजिक दूरी बनाए रखना तथा चेहरे को ढंकना शामिल हैं।

यदि आपमें लक्षण विकसित होते हैं, तो आपको स्वयं को अलग रखना चाहिए तथा वर्तमान में अनुशंसित जांच यहां से प्राप्त करनी चाहिए: **gov.uk/get-coronavirus-test** अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

आपको और आपके परिवार को राष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।



### शून्य परिणाम

यदि आपको एक शून्य परिणाम मिलता है, तो इसका मतलब है कि यह कहना संभव नहीं है कि जांच के समय आपमें वायरस था या नहीं। यह जांचने के लिए कि क्या आपको कोरोनावायरस है, जल्द से जल्द एक और जांच करें। पहली जांच की किसी भी सामग्री का प्रयोग न करें, तथा जांच प्रक्रिया चरण 1 से आरंभ करें।

### यदि समस्या बनी रहती है

यदि समस्या बनी रहती है, तो तुरंत इन जांच किट का प्रयोग बंद कर दें। यदि आपके पास कोई दूसरी जांच उपलब्ध नहीं है, तो आप NHS COVID-19 ऐप के माध्यम से अथवा निम्नलिखित साइट पर जाकर कोई अलग प्रकार की जांच कर सकते हैं: **gov.uk/get-coronavirus-test** अथवा **119** पर उपभोक्ता संपर्क केंद्र पर कॉल करके। लाइनें प्रतिदिन, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहती हैं।

### 8 जांच निष्पादन

यदि किसी व्यक्ति में उच्च स्तरीय कोरोनावायरस (COVID-19) है, तो जांच में पॉज़िटिव परिणाम आने की संभावना अधिक होती है।
इसका अर्थ यह है कि इससे उन लोगों का पता लगने की सबसे अधिक संभावना है जो वर्तमान में संक्रामक हैं तथा जिन्हें तुरंत स्वयं को अलग रखने की आवश्यकता है।

### 9 अपनी जांच किट को सुरक्षित ढंग से निपटाएं

आपकी जांच पूरी हो जाने के बाद, प्रयोग की गई सभी जांच किट सामग्री को अपने सामान्य घरेलू कचरे में डाल दें।

निपटान के बाद अपने हाथ अच्छी तरह से साफ करें।

Withdrawn January 2024

## अपने जांच परिणामों को नोट करें

यह आपके अपने रिकॉर्ड के लिए है। आपको अभी भी अपने परिणाम NHS को सूचित करने हैं (जानकारी के लिए पृष्ठ 15 देखें)।

देखें: **gov.uk/report-covid19-result**

यदि आप स्कॉटलैंड में रहते हैं तो यहां देखें: **covidtest.scot**

| जांच किट का QR कोड / ID नंबर | जांच किसने की | तारीख | समय | जांच का परिणाम |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |



## आपकी किट में निम्नलिखित सामग्री है

| सामग्री | 7-पैक |
|---|---|
| सीलबंद आवरण में टेस्ट कार्ड | 7 |
| सीलबंद आवरण में जीवाणुरहित स्वैब | 7 |
| निष्कर्षण ट्यूब | 7 |
| निष्कर्षण बफर बोतल | 7 |
| प्रयोग के लिए अनुदेश (यह प्रलेख) | 1 |
| ट्यूब स्टैंड | 1 |

Withdrawn January 2024

इस उपकरण की आपूर्ति की अनुमति केवल NHS टेस्ट एंड ट्रेस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल विभाग (DHSC) परिनियोजन के हिस्से के रूप में है।

Withdrawn January 2024

निर्माता:
MP Biomedicals Germany GmbH
Thueringer Str. 15 37269
Eschwege, Germany (जर्मनी)

CE 0123

स्वैब निर्माता:
Jiangsu Hanheng Medical Technology Co.,Ltd. 16-B4,#1 North Qingyang Road, Tianning District, 213017, Changzhou, Jiangsu, China (चीन)

CE 0197

EC REP Luxus Lebenswelt GmbH
Kochstr.1, 47877, Willich, Germany (जर्मनी)

स्वैब निर्माता:
Goodwood Medical Care Ltd. 1-2 Floor, 3-919 Yongzheng Street, Jinzhou District, Dalian, 116100 Liaoning, China (चीन)

CE 0197

EC REP CMC Medical Devices & Drugs S.L.
C/ Horacio Lengo No18, CP 29006, Màlaga, Spain (स्पेन)

## चिन्हों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4°C – 30°C | 4 – 30°C पर भंडारण करें | STERILE EO | एथिलीन ऑक्साइड के प्रयोग से जीवाणुरहित किया गया | | निर्माता | Σ 7 | 7 जाँचों के लिए इसमें पर्याप्त हैं |
| LOT | लॉट संख्या | | इस तिथि तक प्रयोग करें | IVD | इनविट्रो डायग्नोस्टिक मेडिकल डिवाइस | | यदि पैकेज क्षतिग्रस्त है तो इसका प्रयोग न करें |
| | सूरज की रोशनी से दूर रखें | | सावधानी | | पुनः प्रयोग न करें | | पुनर्चक्रण योग्य है |
| | सूखा रखें | | प्रयोग के लिए अनुदेशों को पढ़ें | CE | यूरोपीय अनुरूपता | REF | कैटलॉग संख्या |
| EC REP | अधिकृत प्रतिनिधि | | | | | | |

24/09/2021 की स्थिति के अनुसार इस प्रलेख में दी गई सभी सूचनाएं तथा चित्र सही हैं। संस्करण 0002

REF 07AG6007BS

यह निर्देश पुस्तिका केवल MP Biomedicals रैपिड SARS-CoV-2 एंटीजन टेस्ट कार्ड को संदर्भित करती है, उत्पाद कोड: 07AG6007BS.

**अपने सभी जांच परिणामों के बारे में NHS को सूचित करें**